झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची
Jharkhand Council of Educational Research and Training, Ranchi
D.I.E.T. Campus, Ratu, Ranchi-835222, e-mail: jcert.ran@gmail.com

**पत्रांकः– जे.सी.ई.आर.टी/प्रशि.03–02/2024/ 535** **राँची, दिनांकः 25/03/2025**

प्रेषक,

शशि रंजन, भा.प्र.से.

निदेशक

सेवा में,

क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, राँची
एवं दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी/जिला शिक्षा अधीक्षक/अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, राँची।

**विषय :– शिक्षकों के सतत पेशेवर विकास हेतु 50 घंटे का प्रशिक्षण के संबंध में।**

**प्रसंग :– सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग का पत्रांक 269 दिनांक 29.01.25**

महाशय,

आप सभी अवगत हैं कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति'2020 में शिक्षकों के सतत पेशेवर विकास (Continuous Professional Development) हेतु कम–से–कम 50 घंटों के प्रशिक्षण का प्रावधान किया गया है। इसका उद्देश्य शिक्षक को स्वयं में सुधार करने के लिए और पेशे से संबंधित आधुनिक विचार, नवीनतम शिक्षण तकनीक, पद्धति, कौशल और नवाचार को सीखने के लिए अवसर उपलब्ध कराना है। सतत पेशेवर विकास (Continuous Professional Development) के अवसरों में विशेष रूप से बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के नवीनतम शिक्षण शास्त्र, अधिगम परिणामों के रचनात्मक और अनुकूल आकलन, योग्यता आधारित अधिगम और संबंधित शिक्षण शास्त्र जैसे अनुभवात्मक शिक्षण, कला–एकीकृत, खेल–एकीकृत और कहानी आधारित दृष्टिकोण आदि को क्रमबद्ध रूप से सम्मिलित करना अतिआवश्यक है।

उपरोक्त बिंदुओं को दृष्टिपथ में रखते हुए राज्य के वर्ग 01 – 12 तक के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) विद्यालयों के शिक्षक/शिक्षिकाओं को एक सत्र में 50 घंटों का प्रशिक्षण (ऑनलाईन/ऑफलाईन) देने का निर्णय लिया गया है। प्रशिक्षण की रूपरेखा निम्नवत् होगी :–

1. ऑनलाईन प्रशिक्षण Pedagogy, Assessment, DIKSHA, NEP, Classroom Management, NCF-SCF आदि से संबंधित रखा गया है, जो Generic प्रकार का है एवं लगभग 24 घंटों का होगा।
2. ऑफलाईन गैर–आवासीय प्रशिक्षण डायट स्तर पर 6 घंटों का होगा। यह मुख्यतः शिक्षकों के अपेक्षाओं से संबंधित होगा।
3. ऑफलाईन आवासीय प्रशिक्षण विभिन्न विषयों पर होगा, जो Teacher Need Assessment (TNA) के आधार पर निर्धारित होगा। इस 20 घंटों में अंतिम के दो घंटे शिक्षकों के मूल्यांकन के लिए निर्धारित किया गया है।
4. प्रशिक्षण समय–सारिणी कक्षा 01 से 08 एवं कक्षा 09 से 12 का अलग–अलग इस पत्र के साथ सहज अवलोकनार्थ संलग्न है।
5. प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्धारित संख्या में शिक्षकों को डायट (गैर–आवासीय) एवं जे.सी.ई.आर.टी. (आवासीय) में ससमय प्रतिनियुक्त करने की जिम्मेवारी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षकों की होगी।

6. जे.सी.ई.आर.टी. के पदाधिकारी/प्रतिनियुक्त शिक्षक-सह-संकाय सदस्य तथा संबंधित क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशकों द्वारा प्रशिक्षण अवधि में निरंतर अनुश्रवण किया जाएगा एवं पर्यवेक्षण प्रतिवेदन निदेशक, जे.सी.ई.आर.टी. को प्रेषित करेंगे।
7. ऑनलाईन प्रशिक्षण सभी कोटि के शिक्षकों को करना अनिवार्य होगा। शिक्षकों को ऑनलाईन प्रशिक्षण को पूर्ण करने के लिए अधिकतम एक माह का ही समय दिया जाएगा।
8. डायट में एक दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण में सभी कोटि के शिक्षकों को शामिल किया जाएगा।
9. जे.सी.ई.आर.टी. में आयोजित दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में प्रथम वर्ष सरकारी शिक्षकों को ही शामिल किया जाएगा। दूसरे वर्ष अन्य सभी कोटि के शिक्षकों को इसमें शामिल किया जाएगा।
10. संपूर्ण प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात् ऑनलाईन जे-गुरूजी एप्प के माध्यम से स्वः जनित (Autogenerated) प्रशिक्षण पूर्णता प्रमाण-पत्र निर्गत किया जाएगा।
11. जे-गुरूजी एप्प में ऑनलाईन प्रशिक्षण करने के क्रम में किसी प्रकार की तकनीकि समस्या की स्थिति में जिला के एम.आई.एस. समन्वयक से संपर्क किया जाएगा। उनके स्तर से निराकरण नहीं होने की स्थिति में ही जे.सी.ई.आर.टी. से संपर्क किया जाएगा।
12. जिला के सभी शिक्षा पदाधिकारी एवं परियोजना से जुड़े कर्मी अपने-अपने स्तर से सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण पूर्ण करने हेतु आवश्यक जानकारी एवं सहयोग प्रदान करेंगे। शिक्षकों के द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रशिक्षण पूर्ण नहीं करने की दशा में उनके विरूद्ध समुचित कार्रवाई करने की बाध्यता होगी।

***उक्त के आलोक में 24 घंटे का ऑनलाईन प्रशिक्षण दिनांक 01.04.2025 से 30.04.2025 तक J-Guruji App के माध्यम से दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल के वर्ग 01 से 08 तक के सभी शिक्षकों के लिए आयोजित किया जा रहा है जिसे सभी शिक्षकों को पूर्ण करना अनिवार्य है। ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न है।***

अतः आपको निदेश दिया जाता है कि यह प्रशिक्षण सभी शिक्षकों को प्राप्त हो, यह सुनिश्चित किया जाए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसी प्रकार की समस्या होने की स्थिति में जे.सी.ई.आर.टी. कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

**अनुलग्नक : यथोक्त।**

विश्वासभाजन

(शशि रंजन)

निदेशक

कक्षा 01–08 की शिक्षक प्रशिक्षण की समय–सारिणी

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल

| Distirct | ONLINE TRAINING SCHEDULE MONTH | 1-DAY DIET OFFLINE TRAINING SCHEDULE MONTH& BATCH NO | 2-DAY JCERT OFFLINE TRAINING SCHEDULE MONTH & BATCH NO |
|---|---|---|---|
| LOHARDAGA | **APRIL'25 (01.04.2025 to 30.04.2025) ALL CATEGORY OF TEACHERS (Class 1 to 8)** | MAY, BATCH-1 to 6 (T-100/BATCH) | JULY, BATCH-11 to 12 |
| KHUNTI | | MAY, BATCH-1 to 8(T-100/BATCH) | JULY, BATCH-13 to 14 |
| GUMLA | | MAY, BATCH-1 to 13(T-100/BATCH) | JULY, BATCH-14 to 15 AUG, BATCH-1 to 3 |
| RANCHI | | MAY+JUNE, BATCH-1 to 30(T-100/BATCH) | AUG, BATCH-3 to 10 |
| SIMDEGA | | MAY, BATCH-1 to 8(T-100/BATCH) | AUG, BATCH-10 to 12 |